# Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators

# शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन पर कार्यस्थल के वातावरण एवं कार्यसन्तुष्टि का प्रभाव

**A Thesis**

**Submitted for the Award of the Ph.D. Degree of**

**PACIFIC ACADEMIC OF HIGHER EDUCATION AND RESEARCH UNIVERSITY**

**By**


**SOLANKI PARESHABEN H.**

सोलंकी परेशाबेन एच.

**Under the Supervision of**

**Dr. Anjali Dashora**

**Assistant Prof.**

**Pacific College of Teacher's Education, Udaipur**

**And**

**Dr. Ranchhodbhai K. Prajapati**

**Principal**

**Swami Narayan Gurukul B.Ed. College,**

**Palanpur (Gujarat)**

**FACULTY OF EDUCATION**

**Department of Education**

**PACIFIC ACADEMY OF HIGHER EDUCATION AND RESEARCH UNIVERSITY, UDAIPUR**


**2024**

C3

**(Certificate to be given by the Supervisor)**

# CERTIFICATE

Its gives me immense pleasure in certifying that the thesis entitled (Title of thesis) ***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators"*** and submitted by (Name of candidate) **SOLANKI PARESHABEN H.** is based on the work research carried out under my guidance. She has completed the following requirements as per Ph.D. regulations of the University;

i. Course work as per university rules.

ii. Residential requirements of the University.

iii. Regularly presented Half Yearly Progress Report as prescribed by the University.

iv. Published/ accepted minimum of two research paper in a refereed research journal.

I recommend the submission of thesis as prescribed/ notified by the University.

**Date:**

**Name and Designation of Supervisor/s**
**(Dr. Anjali Dashora)**
Assistant Prof.
Pacific College of Teacher's Education,
Udaipur

C3

**(Certificate to be given by the Co-Supervisor)**

# CERTIFICATE

Its gives me immense pleasure in certifying that the thesis entitled (Title of thesis) ***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators"*** and submitted by (Name of candidate) **SOLANKI PARESHABEN H.** is based on the work research carried out under my guidance. She has completed the following requirements as per Ph.D. regulations of the University;

v. Course work as per university rules.

vi. Residential requirements of the University.

vii. Regularly presented Half Yearly Progress Report as prescribed by the University.

viii. Published/ accepted minimum of two research paper in a refereed research journal.

I recommend the submission of thesis as prescribed/ notified by the University.

**Date:**

**Name and Designation of Supervisor/s**
**(Dr. Ranchhodbhai K. Prajapati)**
Principal
Swami Narayan Gurukul B.Ed. College,
Palanpur (Gujarat)

# CERTIFICATE BY SCHOLAR

This is to certify that the thesis titled ***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators"*** and submitted by **SOLANKI PARESHABEN H.** under the supervision of **Dr. Anjali Dashora** (Professor) and **Dr. Ranchhodbhai K. Prajapati** (Principal) Faculty of Education for award of Ph.D. Degree of the University carried out during the period of 2021 to 2024 embodies my original work and has not formed the basis for the award of any degree, diploma associateship, fellowship, titles in this or any other University or other similar Institution of higher learning.

Date: **Signature of Scholar**

**(SOLANKI PARESHABEN H.)**

# DECLARATION

I **SOLANKI PARESHABEN H.** D/o **Mr. Hargovindbhai** resident of **26-Mayanagar Sositey, Gayatri Mandir Road, Patan (Gujarat)** hereby declare that the research work incorporated in the present thesis entitled ***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators"*** is my own work and is original. This work (in part or in full) has not been submitted to any University for the award of a Degree or a Diploma. I have properly acknowledged the material collected from secondary sources wherever required. I solely own the responsibility for the originality of the entire content.

**Signature of the Candidate**

**Date :** **Signature of the Supervisor/s**

# COPYRIGHT

I **SOLANKI PARESHABEN H.** hereby declare that the Pacific Academy of Higher Education and Research University Udaipur, Rajasthan shall have the rights to preserve, use and disseminate this thesis entitled ***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators"*** in print or electronic format for academic/ research purpose.

**Date :** **Signature of the Candidate**

**Place :**

# आभार

प्रस्तुत शोध को सम्पन्न करवाने में जिनका सहयोग मिला उनका आभार व्यक्त करना मेरा आवश्यक कर्तव्य है। मैं अपनी मार्गदर्शिका **डॉ. अंजलि दशोरा** (सहायक आचार्य) एवं सहपर्यवेक्षक **डॉ. रणछोड़भाई के. प्रजापति** (प्राचार्य) फेकल्टी ऑफ एज्युकेशन की हृदय से आभारी हूँ, जिनके कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्रस्तुत शोध कार्य को सम्पन्न किया। आपकी सतत् प्रोत्साहित करने की प्रवृत्ति मेरे लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

मैं पेसिफिक युनिवर्सिटी, उदयपुर के उच्च शिक्षा के अधिष्ठाता **डॉ. हेमन्त कोठारी** की हृदय से आभारी हूँ, जिनके द्वारा आयोजित शोध कार्यशालाओं द्वारा मार्गदर्शन से मेरा शोध कार्य निरन्तर प्रगति कर रहा।

मैं उन सभी लेखकों, सम्पादकों एवं अनुसन्धानकर्ताओं का आभार व्यक्त करती हूँ जिनके लेखन कार्यों, सम्पादित सामग्री एवं शोध अध्ययनों का उपयोग प्रस्तुत शोध को सम्पन्न करने में किया।

मैं उन सभी पुस्तकालयाध्यक्ष, व्याख्याता एवं कर्मचारीगणों का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने समय–समय पर प्रस्तुत शोध से सम्बन्धित शोध साहित्य एवं पुस्तकें उपलब्ध करवायी।

मैं उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की आभारी हूँ, जिनके सहयोग के बिना प्रस्तुत शोध के लिए आवश्यक आँकड़ों को एकत्रित करना असम्भव था।

आभार की इस कड़ी में मैं अपने माता–पिता एवं परिवार के सभी सदस्यों की अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने समय–समय पर मुझे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इसी के साथ मैं अपने जीवनसाथी तथा पुत्र एवं पुत्री की हृदय से आभारी हूँ जिन्होंने कहीं प्रेरक तो कहीं सहयोगी भूमिका के रूप में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जिनके लिये जितना कहा जाए वो सीमित ही होगा, मैं इनके सहयोग से अभिभूत हूँ।

अन्त में मैं शोध प्रबन्धन के टंकण, मुद्रण एवं जिल्दसाज़ी सम्बन्धित कार्य में की गई शुद्धता, स्वच्छता, तत्परता, शीघ्रता, कुशलता एवं उसे आकर्षक स्वरूप प्रदान कर सुसज्जित करने के लिए तेजस थीसिस मेकर एण्ड एडवाइज़र, उदयपुर के निदेशक **डॉ. प्रदीप धींग** एवं उनके सहयोगी **संजय खान** के प्रति अत्यन्त आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने सीमित समय में इस शोध कार्य को कम्प्यूटर द्वारा एक आकर्षक व व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया।

**शोधार्थी**

**दिनांक :** **सोलंकी परेशाबेन एच.**

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | **Certificate by Supervisor** | |
| | **Certificate by Co-Supervisor** | |
| | **Certificate by Scholar** | |
| | **Declaration** | |
| | **Copyright** | |
| | **आभार** | |
| **1.** | **प्रथम अध्याय – शोध आकल्प** | **1-12** |
| 1.1 | प्रस्तावना | 1-3 |
| 1.2 | समस्या कथन | 3 |
| 1.3 | शोध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की व्याख्या | 4-5 |
| 1.4 | समस्या का औचित्य | 5-6 |
| 1.5 | शोध अध्ययन के उद्देश्य | 6-7 |
| 1.6 | शोध परिकल्पना | 7 |
| 1.7 | शोध अध्ययन का परिसीमन | 8 |
| 1.8 | विधि | 8 |
| 1.9 | उपकरण | 9 |
| 1.10 | न्यादर्श | 10 |
| 1.11 | दत्त विश्लेषण की प्रविधियाँ | 11 |
| 1.12 | अध्यायों का वर्गीकरण | 11-12 |
| 1.13 | उपसंहार | 12 |
| **2.** | **द्वितीय अध्याय – सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन** | **13-46** |
| 2.1 | प्रस्तावना | 13-14 |
| 2.2 | सर्वेक्षण की आवश्यकता | 14 |
| 2.3 | अध्ययन के लाभ | 15-16 |
| 2.4 | साहित्य प्राप्त करने के स्त्रोत | 17 |

| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 2.5 | संबंधित साहित्य का अध्ययन | 17-46 |
| 2.5.1 | व्यावसायिक उन्नयन से संबंधित शोध साहित्य | 17-27 |
| 2.5.2 | कार्यस्थल वातावरण से संबंधित शोध साहित्य | 27-41 |
| 2.5.3 | कार्यसन्तुष्टि से संबंधित शोध साहित्य | 41-46 |
| 2.6 | उपसंहार | 46 |
| **3.** | **तृतीय अध्याय – शोध का विधिशास्त्र** | **47-80** |
| 3.1 | प्रस्तावना | 47 |
| 3.2 | अनुसंधान में प्रयुक्त विधि | 47-50 |
| 3.3 | उपकरण | 50-77 |
| 3.3.1 | शोधार्थी द्वारा निर्मित व्यावसायिक उन्नयन मापनी का विवरण | 52-62 |
| 3.3.2 | कार्यस्थल वातावरण प्रश्नावली निर्माण के सोपान | 63-74 |
| 3.3.3 | कार्यसन्तुष्टि मापनी का विवरण | 74-77 |
| 3.4 | सांख्यिकी प्रविधियाँ | 78-80 |
| 3.5 | उपसंहार | 80 |
| **4.** | **चतुर्थ अध्याय – दत्तों का सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या** | **81-124** |
| 4.1 | प्रस्तुतीकरण | 81 |
| 4.2 | विश्लेषण एवं व्याख्या | 81-124 |
| 4.3 | उपसंहार | 124 |
| **5.** | **पंचम अध्याय – सारांश, निष्कर्ष, शैक्षिक निहितार्थ एवं सुझाव** | **125-131** |
| 5.1 | शोध सारांश | 125-126 |
| 5.2 | शोध के निष्कर्ष | 127-129 |
| 5.3 | शैक्षिक निहितार्थ | 130 |
| 5.4 | नवीन अनुसंधान हेतु सुझाव | 130 |
| 5.5 | उपसंहार | 130-131 |
| | **सन्दर्भ ग्रन्थ सूची** | **132-136** |

| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | **परिशिष्ट** | **137-156** |
| | A. व्यावसायिक उन्नयन मापनी | **137-142** |
| | B. कार्यस्थल वातावरण मापनी | **143-151** |
| | C. कार्यसन्तुष्टि मापनी | **152-155** |
| | **विशेषज्ञों की सूची** | **156** |
| | **प्रकाशित शोध आलेख** | |
| | **सेमिनार प्रमाण–पत्र** | |

# सारणी सूची


| सारणी संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 4.2.1 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का औसतवार विश्लेषण | 82 |
| 4.2.2 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयनों का औसतवार विश्लेषण | 85 |
| 4.2.3 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयनों का औसतवार विश्लेषण | 88 |
| 4.2.4 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का टी–मान के आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण | 91 |
| 4.3.5 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 96 |
| 4.3.6. | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 99 |
| 4.3.7 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 102 |
| 4.3.8 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का तुलनात्मक विश्लेषण | 105 |
| 4.3.9 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 109 |

| सारणी संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 4.3.10 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 112 |
| 4.3.11 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 116 |
| 4.3.12 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का तुलनात्मक विश्लेषण | 119 |

# आरेख सूची


| आरेख संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 4.2.1 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का औसतवार विश्लेषण | 82 |
| 4.2.2 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयनों का औसतवार विश्लेषण | 85 |
| 4.2.3 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयनों का औसतवार विश्लेषण | 88 |
| 4.2.4 | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का टी–मान के आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण | 92 |
| 4.3.5 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 96 |
| 4.3.6. | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 99 |
| 4.3.7 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का मध्यमानवार विश्लेषण | 102 |
| 4.3.8 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण का तुलनात्मक विश्लेषण | 106 |
| 4.3.9 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 109 |

| आरेख संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 4.3.10 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 112 |
| 4.3.11 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का मध्यमानवार विश्लेषण | 116 |
| 4.3.12 | निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का तुलनात्मक विश्लेषण | 120 |

# प्रथम अध्याय

## शोध आकल्प

# प्रथम अध्याय

# शोध आकल्प

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1.1 | प्रस्तावना | 1-3 |
| 1.2 | समस्या कथन | 3 |
| 1.3 | शोध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की व्याख्या | 4-5 |
| 1.4 | समस्या का औचित्य | 5-6 |
| 1.5 | शोध अध्ययन के उद्देश्य | 6-7 |
| 1.6 | शोध परिकल्पना | 7 |
| 1.7 | शोध अध्ययन का परिसीमन | 8 |
| 1.8 | विधि | 8 |
| 1.9 | उपकरण | 9 |
| 1.10 | न्यादर्श | 10 |
| 1.11 | दत्त विश्लेषण की प्रविधियाँ | 11 |
| 1.12 | अध्यायों का वर्गीकरण | 11-12 |
| 1.13 | उपसंहार | 12 |

# प्रथम अध्याय

# शोध आकल्प

## 1.1 प्रस्तावना :–

स्वतन्त्र भारत में शिक्षा के समग्र रूप पर विचार कोठारी आयोग ने किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 को कुल बारह खण्डों में बाँटा गया जिनमें कुल 157 बिन्दुओं के अर्न्तगत नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को नीतिबद्ध किया गया जिसमें मुख्य खण्ड इस प्रकार से हैः–

प्रस्तावना, शिक्षा का सार तथा भूमिका, शिक्षा की राष्ट्रीय प्रणाली, समानता के लिये शिक्षा, विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक पुनर्गठन, तकनीकी तथा प्रबन्ध शिक्षा, शिक्षा प्रणाली का क्रियान्वयन, शिक्षा के पाठ्यक्रम तथा प्रक्रिया का अभिनवीकरण, अध्यापक शिक्षा, शिक्षा का प्रबन्ध, संसाधन तथा समीक्षा एवं भावी स्वरूप।

खण्ड 5 में उच्च शिक्षा का प्रावधान रखा गया जिसके अन्तर्गत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों का संचालन किस प्रकार व किन किन संसाधनों के साथ होगा इसका वर्णन दिया गया है।

भावी शिक्षकों में रचनात्मक एवं सृजनात्मक दिशा में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने वाली परिस्थितियों के लिए तैयार करने के लिये राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खोले गये है। वर्तमान में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों निरन्तर वृद्धि हो रही है। गुजरात राज्य के मेहसाणा व पाटन जिले में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की वृद्धि के साथ ही शिक्षक प्रशिक्षकों के रोजगार के अवसर भी बढे है। शिक्षण व्यवसाय में रूचि रखने वाले कई शिक्षक प्रशिक्षक राजकीय व निजी शिक्षक प्रशिक्षकों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे है।

शिक्षा भी एक व्यवसाय हैं, शिक्षा जगत में शिक्षकों की सफलता एवं राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु यह आवश्यक हो जाता है कि अध्यापकों की कार्य संतुष्टि को प्रभावित करने वाले तथ्यों का अध्ययन किया जाये। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता कर्णधार हैं। शिक्षक, विद्यार्थी के जीवन को ढालने का महत्वपूर्ण कार्य करता हैं। छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल करने में शिक्षक का योगदान ही सब कुछ हैं। संतुष्टि और योग्य शिक्षक द्वारा तैयार किये गये प्रतिभावान छात्र ही देश की उन्नति तथा देश की खुशहाली में अपना योगदान दे पाने में समर्थ हो सकते हैं। शिक्षा ही लोगों के कल्याण तथा सुरक्षा और खुशहाली के स्तर का निर्धारण करती है। शिक्षा को इस योग्य बनाने के लिए शिक्षा में गुणात्मक वृद्धि अत्यधिक आवश्यक हैं। शिक्षा के स्तर तथा अपेक्षित उन्नति के लिए आवश्यक हैं शिक्षक भी अपने व्यवसाय में संतुष्टि हो तथा अपने कार्य में दक्ष या कुशल भी हो। शिक्षा को सफलता या विफलता बहुत कुछ शिक्षकों के निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों के पालन करने पर निर्भर करती है। अध्यापक निष्ठा पूर्वक कार्य सभी कर सकते है जब उन्हें अपने कार्य से सन्तुष्टि हो। शिक्षकों की सन्तुष्टि तथा असन्तुष्टि का सीधा प्रभाव छात्रों पर पड़ता हैं, जो अध्यापक असन्तुष्ट होते है उनका कार्य भी किसी सीमा तक अच्छा नहीं होता है वे अपना मानसिक सन्तुलन शीघ्र खो देते हैं।

वर्तमान में भौतिकता का अत्यधिक विस्तार होने तथा ज्ञान के क्षेत्र की व्यापकता के कारण शिक्षा में अमूल्य परिवर्तन दिन प्रतिदिन तीव्रगति से हो रहा है। कार्य सन्तुष्टि किसी शिक्षक में अन्तर्निहित उन सभी मनोवृत्तियों का परिणाम होता है जिसे एक शिक्षक अपने अध्ययन व्यवसाय के जीवनकाल में बनाए रखने का प्रयास करता है।

राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में शिक्षक प्रशिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा दिये जाने उच्चतम वेतन, योग्यता अनुसार समय समय पर पदोन्नति मिलना व अन्य परिलाभ उसकी कार्यसन्तुष्टि को दर्शाते है। जबकि निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में स्थिति इसके विपरीत है इसमें कार्यरत

अधिकतर शिक्षक प्रशिक्षण अपने कार्य से असन्तुष्ट दिखाई देते है इनका मानना है कि उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार उनके व्यावसायिक उन्नयन को अनदेखा किया जाता है तथा देखते हुए परिस्थितियों को देखते हुए ही शोधार्थी के मस्तिष्क में अग्रलिखित प्रश्न उत्पन्न हुए।

1. क्या निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों को व्यावसायिक उन्नयन के समान अवसर प्राप्त होते है ?

2. क्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षक अपने कार्यस्थल वातावरण से सन्तुष्ट है ?

3. क्या निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की व्यावसायिक उन्नति महाविद्यालय के कार्यस्थल वातावरण से प्रभावित होती है ?

4. क्या निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की व्यावसायिक उन्नति महाविद्यालय के कार्यसन्तुष्टि से प्रभावित होती है ?

उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने की जिज्ञासा ने ही शोधार्थी को उक्त विषय पर अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया है।

## 1.2 समस्या कथन :–

उपर्युक्त प्रस्तावना के आधार पर शोधार्थी द्वारा चयनित समस्या का कथन इस प्रकार हैः–

*''शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन पर कार्यस्थल के वातावरण एवं कार्यसन्तुष्टि का प्रभाव।''*

***"Impact of Work Place Environment and Job Satisfaction on the Professional Growth of Teacher Educators."***

## 1.3 शोध में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की व्याख्या :–

- **व्यावसायिक उन्नयन :–**

''व्यावसायिक उन्नयन का संबंध किसी भी व्यक्ति की अपने काम या प्रैक्टिस से संबंधित ज्ञान और कौशल अर्जित करने की क्षमता से या जानकारी की तलाश करने और अपने व्यावसायिक क्षेत्र में स्वयं को सुविज्ञ बनाए रखने से है।''

**– एनसीएफटीई, 2009, पृ. 64.5**

''शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन को एक जीवन.पर्यन्त की गतिविधि के रूप में देखा जाना चाहिए जो उनके निजी और साथ ही व्यावसायिक जीवन पर और कार्यस्थल की नीति और सामाजिक सन्दर्भ पर ध्यान केंद्रित करती है।''

**– क्रिस्टोफर डे (1999)**

- **कार्यस्थल वातावरण :–**

**डी. डॉट के अनुसार** कार्यस्थल वातावरण में उन परिस्थितियों का समावेश होता है जिसके अन्तर्गत कर्मचारी कार्य करता है इसमें मुख्यतः भौतिक, मानवीय संसाधन के साथ सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को देखा जाता है।

सामान्यतया कार्यस्थल वातावरण कर्मचारी के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्य उत्पादकता को प्रभावित करता है।

- **कार्यसंतुष्टि :–**

कार्य संतुष्टि एक कठिन एवं व्यापक शब्द हैं, लेकिन यह संगठन में औद्योगिक मनोविज्ञान एवं व्यवहारिक विज्ञान का विवादास्पद विषय हैं, जो संगठनात्मक वातावरण व पर्यावरण के विकास के प्रति कर्मचारियों के अभिप्रेरणा की मात्रा को दर्शाता हैं, इस शब्द को विभिन्न प्रकार से परिभाषित करने का प्रयास किया गया हैं :–

''संतोष का अभिप्राय एक व्यक्ति के उसके कार्य के प्रति (जिसे वह अपनी रोजगार की अवस्था में सम्पादित करता हैं) से प्राप्त मानसिक सुख में हैं, जो कि उसे आवश्यकताओं, इच्छाओं व आंकाक्षाओं की सन्तुष्टि के फलस्वरूप प्राप्त होता हैं।''

**– एनसाइक्लोपीडिया डिक्शनरी ऑफ मेनेजमेन्ट**

''कार्य संतुष्टि एक आनन्ददायक/विलासपूर्ण, भावनात्मक अवस्था है जो प्रत्येक के लिये किये गये कार्य, कार्य पर मिली सुविधाओं के प्रति अभिवृत्ति द्वारा आंकी जाती हैं।''

**– एडिवन लॉक**

## 1.4 समस्या का औचित्य :–

प्रस्तुत अनुसंधान कार्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस शोध के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षक यह जान पायेगे कि किस तरह से विपरीत परिस्थितियों में व्यवसाय के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखकर अपना कार्य करते हुए व्यावसायिक सन्तुष्टि प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तुत अनुसंधान कार्य से शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के वातावरण को उत्कृष्ट स्तर का बनाया जा सकता है।

प्रस्तुत अनुसंधान से यह जानकारी प्राप्त की जा सकेगी कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के वातावरण को शिक्षक प्रशिक्षकों की सन्तुष्टि जैसा बनाने के लिए क्या क्या प्रयास किए जा सकते है।

प्रस्तुत अनुसंधान कार्य से शिक्षण व्यवसाय की विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर इसके प्रति रूचि उत्पन्न की जा सकती है साथ ही व्यावसायिक उन्नयन के अवसरों की संभावनाएँ उत्पन्न की जा सके। शोधकार्य के प्राप्त परिणामों के आधार पर इसी क्षेत्र में नवीन शोध किया जा सकता है।

## 1.5 शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

शोधार्थी ने प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए निम्नलिखित उद्देश्यों का निर्माण किया है :–

1. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का अध्ययन करना।
2. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का अध्ययन करना।
3. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का अध्ययन करना।
4. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन का तुलनात्मक अध्ययन करना।
5. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यस्थल वातावरण का अध्ययन करना।
6. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यस्थल वातावरण का अध्ययन करना।

7. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यस्थल वातावरण का अध्ययन करना।

8. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यस्थल वातावरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।

9. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का अध्ययन करना।

10. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का अध्ययन करना।

11. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का अध्ययन करना।

12. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों की कार्यसन्तुष्टि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

## 1.6 शोध परिकल्पना :–

शोधार्थी द्वारा शोध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया है :–

1. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

2. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यस्थल वातावरण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

3. निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत महिला व पुरूष शिक्षक प्रशिक्षकों के कार्यसन्तुष्टि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

## 1.7 शोध अध्ययन का परिसीमन :–

किसी भी विषय पर गहनता से अध्ययन करने हेतु विषय का परिसीमन करना आवश्यक होता है। शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध का परिसीमन इस प्रकार से किया गया है :–

1. प्रस्तुत अध्ययन को उत्तर गुजरात राज्य के दो जिले तक सीमित रखा गया है।

2. प्रस्तुत अध्ययन को मेहसाणा एवं पाटन जिले के निजी बी.एड. महाविद्यालयों तक सीमित रखा गया है।

3. प्रस्तुत अध्ययन शिक्षक–प्रशिक्षकों तक सीमित है।

4. प्रस्तुत शोध के निष्कर्ष शोध में प्रयुक्त समष्टि तक सीमित है।

## 1.8 विधि :–

विधि वह मार्ग है जिस पर चल कर सत्य की खोज की जाती है। किसी भी शोध में अध्ययन विधि का चयन सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है। सर्वेक्षण विधि की महत्ता बताते हुए सुखिया व महरोत्रा ने लिखा है कि "सर्वेक्षण विधि सामन्यतः ऐसे अनुंसधान के लिए प्रयुक्त की जाती है जिनका उद्देश्य यह ज्ञात करना होता है कि वर्तमान में सामान्य या प्रतिनिधि स्थित व्यवहार क्या है।"

प्रस्तुत अध्ययन के लिए **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया।

## 1.9 उपकरण :–

शैक्षिक शोध कार्यो में सामान्यतया दो प्रकार के उपकरणों का प्रयोग किया जाता है जिसमें मानकीकृत व स्वनिर्मित उपकरण है। प्रयोग में लिये गये उपकरणों का रेखाचित्र नीचे प्रदर्शित हैः–




- व्यावसायिक उन्नयन के लिए स्वनिर्मित मापनी।
- कार्यस्थल वातावरण के लिए स्वनिर्मित मापनी।
- कार्यसन्तुष्टि के लिए मानकीकृत उपकरण।

## 1.10 न्यादर्श :–

किसी जनसंख्या (इकाई, वस्तुओं या मनुष्यों का समुह) में किसी चर का विशिष्ट मान ज्ञात करने के लिए उसकी कुछ इकाईयों को चुन लिया जाता है तो इस चुनने की क्रिया को न्यादर्श कहते है।

शोध के प्रयोग का प्रारूप न्यादर्श की प्रविधि पर आधारित होता हैं एक उत्तम प्रकार के शोध कार्य में न्यादर्श तथा उसकी जनसंख्या सम्बन्धी समस्त सुचनाओं को दिया जाता हैं। एक शुद्व रूप में प्रतिनिधित्व करने वाले न्यादर्श से शोध के सामान्यीकरण के बारे में अधिक से अधिक सूचनाऐं प्राप्त की जा सकती है।

प्रस्तुत शोध हेतु शोधार्थी द्वारा न्यादर्श चयन के लिए निम्न प्रक्रिया अपनायी गई जिसमें सर्वप्रथम मेहसाणा व पाटन जिले में स्थित बी.एड. कॉलेज की सूची बनाई गई। इस सूची में से लॉटरी विधि द्वारा मेहसाणा व पाटन जिले के 20 –20 महाविद्यालयों का चयन किया गया। प्रत्येक महाविद्यालय से सोउद्देश्य विधि द्वारा 10–10 शिक्षक प्रशिक्षकों का चयन किया जिसमें से 5 महिला व 5 पुरूष शिक्षक प्रशिक्षक चयन किये। इस प्रकार से कुल 200 महिला व 200 पुरूष शिक्षक प्रशिक्षक का चयन करते हुए कुल 400 शिक्षक प्रशिक्षकों का चयन किया। न्यादर्श का स्वरूप इस प्रकार से है :–



## 1.11 दत्त विश्लेषण की प्रविधियाँ :–

साांख्यिकी वह तकनीकी है जिसके द्वारा एक विशेष तरीके से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण किया जा सकता हैं। प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी द्वारा निम्नांकित सांख्यिकी प्रविधियों का उपयोग संभावित किया गया है :–

1. मध्यमान
2. मानक विचलन
3. टी–परीक्षण

## 1.12 अध्यायों का वर्गीकरण :–

शोध को वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए पाँच अध्यायों का निर्माण किया गया जिनका संक्षिप्तीकरण इस प्रकार से है :–

1. **प्रथम अध्याय : प्रस्तावना –** इस अध्याय में प्रस्तावना, शोध प्रश्न,समस्या कथन, पारिभाषिक शब्दावली, शोध समस्या का औचित्य, शोध समस्या के उद्देश्य, परिकल्पना, न्यादर्श, परिसीमन, चयन, शोध की विधि, उपकरण, प्रविधि, शोध अध्ययन का प्रारूप एवं उपसंहार का वर्णन किया गया।

2. **द्वितीय अध्याय : संबंधित साहित्य का अध्ययन –** इस अध्याय में प्रस्तावना, महत्व, संबंधित साहित्य के प्राप्ति स्त्रोत, शोध समस्या से संबंधित शोधकार्यों का अध्ययन, शोध अंतराल एवं उपसंहार का वर्णन किया गया।

3. **तृतीय अध्याय : शोध क्रियाविधि –** इस अध्याय में प्रस्तावना, विधि (चयनित विधि, चयन के कारण), न्यादर्श का आकार, न्यादर्श चयन की विधि/प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण के साथ, स्वनिर्मित व मानकीकृत उपकरण, सांख्यिकी प्रविधियाँ एवं उपसंहार का वर्णन किया गया।

4. **चतुर्थ अध्याय : दत विश्लेषण एवं व्याख्या –** इस अध्याय में प्रस्तावना, दत्तों का सारणीयन, दत्त विश्लेषण, व्याख्या एवं उपसंहार का वर्णन किया गया।

5. **पंचम अध्याय : सारांश, निष्कर्ष, शैक्षिक निहितार्थ एवं सुझाव –** इस अध्याय में सारांश (पैरेग्राफ के रूप में), शोध के निष्कर्ष, शैक्षिक निहितार्थ, भावी शोध हेतु सुझाव एवं उपसंहार का वर्णन किया गया।

## 1.13 उपसंहार :–

इस अध्याय में प्रस्तावना, शोध प्रश्न, समस्या कथन, पारिभाषिक शब्दावली, शोध समस्या का औचित्य, शोध समस्या के उद्देश्य, परिकल्पना, न्यादर्श, परिसीमन, चयन, शोध की विधि, उपकरण, प्रविधि, अध्यायों का वर्गीकरण का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# द्वितीय अध्याय

## सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

# द्वितीय अध्याय

# सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 2.1 | प्रस्तावना | 13-14 |
| 2.2 | सर्वेक्षण की आवश्यकता | 14 |
| 2.3 | अध्ययन के लाभ | 15-16 |
| 2.4 | साहित्य प्राप्त करने के स्त्रोत | 17 |
| 2.5 | संबंधित साहित्य का अध्ययन | 17-46 |
| 2.5.1 | व्यावसायिक उन्नयन से संबंधित शोध साहित्य | 17-27 |
| 2.5.2 | कार्यस्थल वातावरण से संबंधित शोध साहित्य | 27-41 |
| 2.5.3 | कार्यसन्तुष्टि से संबंधित शोध साहित्य | 41-46 |
| 2.6 | उपसंहार | 46 |

# द्वितीय अध्याय

## सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

### 2.1 प्रस्तावना :–

शोधकार्य से सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन करना, वैज्ञानिक एवं महत्वपूर्ण चरण है, जिस प्रकार महासागर में मछली अपने भोजन की तलाश करती है, उसी प्रकार शोधकर्ता साहित्य रूपी सागर में आने से संबंधित बातों को तलाश करता है, क्योंकि मानव स्वभाव से ही अपने अतीत के संचित एवं उल्लेखित ज्ञान के आधार पर नवीन ज्ञान का सृजन करता है। शोधकर्ता अपने कार्य को परिशुद्ध स्पष्ट एवं गहन करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सही विधि–प्रविधियों का उपयोग करते हुए अपने शोधकार्य को सही दिशा प्रदान करता है।

यह साहित्य सर्वेक्षणात्मक एवं आलोचनात्मक रूप में होना चाहिए। सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन से शोधकर्ता अपने शोध/अनुसंधान से सम्बन्धित सही आयामों, विधियों एवं प्रविधियों का ही ज्ञान प्राप्त नहीं करता अपितु यह भी जानकारी प्राप्त करता है कि इस क्षेत्र में क्या–क्या शोध कार्य हो चुके है, और उनके क्या निष्कर्ष रहे है। इस जानकारी के द्वारा वह अपने शोध कार्य को सही दिशा व दशा प्रदान कर सकता है।

अब प्रश्न यह है कि सम्बन्धित शोध साहित्य है क्या? तो इसका यह उत्तर है कि सम्बन्धित शोध साहित्य का तात्पर्य अनुसंधान (शोध) सम्बन्धित समस्या के स्त्रोतों से है, जिनमें ज्ञान कोष, पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध प्रबन्धों एवं अभिलेखों से है, जिनकी सहायता से अनुसंधानकर्ता को शोध कार्य करने की दिशा में सहायता मिलती है। इसके अभाव में शोधकर्त्री उन नाव के समान है जो पतवार के अभाव में समुद्र में इधर–उधर थपैड़े खाते हुए कभी

किनारे पर लग जाती है व कभी समुद्र में समा जाती है। ठीक इसी प्रकार शोधकर्ता को यह ज्ञात न हो कि क्या–क्या कार्य हो चुके है, कौनसी समस्या पर कार्य नहीं हुआ है, जिस समस्या पर कार्य नहीं हुआ है, तब तक न तो शोध समस्या का निर्धारण किया जा सकता है न ही शोध रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

## 2.2 सर्वेक्षण की आवश्यकता :–

सम्बद्ध साहित्य का सर्वेक्षण निम्न कारणों में आवश्यक है :–

1. कार्य की योजना बनाने में प्रारम्भिक पदों में से एक रूचि के अनुरूप विशेष क्षेत्र में किए गए शोधकार्य, शोधकर्ता को एक दिशा का संकेत देते हैं।

2. प्रत्येक अनुसंधानकर्ता के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है, कि वह दूसरों के द्वारा किये गए अपनी समस्या से सम्बन्धित साहित्य की सूचनाओं से भली–भांति अवगत हो। वास्तविक योजना बनाने और अध्ययन करने में यह अत्यन्त महत्वपूर्ण समझी जाती है। यह अध्ययन की समस्या को साधन प्रदान करता है। शोध की समस्या का चयन करने और पहचानने में सहायता प्रदान करता है। साहित्य का पुनर्निरीक्षण शोध हेतु अध्ययन के लिये आधार प्रदान करता है।

सम्बन्धित शोध साहित्य की आवश्यकता को बताते हुए **ढौंढियाल, एस. एन. एवं फाटक ए.बी.** ने कहा है कि ''समस्या से सम्बन्धित सम्पूर्ण साहित्य का अध्ययन अनुसंधान का प्राथमिक आधार है और अनुसंधान के गुणात्मक स्तर के निर्धारण में एक महत्त्वपूर्ण कारक है।''

अतः किसी समस्या पर शोध कार्य के लिए शोधकर्ता को पूर्व सिद्धान्तों व शोध से भली–भांति अवगत होना चाहिए। इस जानकारी को निश्चित करने के लिए व्यवहार ज्ञान में प्रत्येक शोध प्रारूप की प्रारम्भिक अवस्था में इसका सैद्धान्तिक व सम्बन्धित साहित्य की समीक्षा करनी होती है।

## 2.3 सम्बन्धित साहित्य अध्ययन के लाभ :–

अनुसंधान कार्य आरम्भ करने से पूर्व अनुसंधानकर्ता के लिए सम्बन्धित साहित्य का गहन अध्ययन करना अति आवश्यक है, ताकि उससे होने वाले लाभ प्राप्त हो सके। यह लाभ निम्नानुसार हो सकते हैं :–

1. **विषय का व्यापक एवं गहन ज्ञान :–** संबंधित साहित्य से अनुसंधानकर्ता को ज्ञान की अभिवृत्ति में सहायता मिलती है, ताकि जिस विषय को अनुसंधानकर्ता ने शोध हेतु चयन किया है, उसमें वह दक्ष हो सके।

2. **अनुसंधान आकल्प में सहायता :–** सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण के परिणाम स्वरूप अनुसंधान प्रक्रिया का सम्प्रत्यय विस्तृत एवं गहन हो जाता है। इससे मानस पटल पर शोधकार्य के प्रक्रम एवं प्रविधि के प्रत्येक चरण का एक स्पष्ट एवं प्रभावी चित्र उभरकर आता है।

3. **अन्तर्दृष्टि का विकास :–** सम्बन्धित साहित्य से अनुसंधानकर्ता का मार्गप्रशस्त हो जाता है। उसे एक नवीन अन्तर्दृष्टि एवं सूझ प्राप्त होती है, जिसके सहारे वह अपनी समस्या की गहनता एवं उसके मूल को समझ लेता है। वह अपने कार्य को अधिक कुशलता एवं चतुरता के साथ सम्पन्न करने में अग्रसर होता है, यह अन्तर्दृष्टि उपकरणों के चयन, अनुसंधान विधि के चयन, व्यक्तियों के चयन, समस्या की सुस्पष्ट परिभाषा आदि के बारे में प्रतीत होती है।

4. **पुनरावृत्ति से रक्षा :–** सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन नहीं करने से त्रुटि का होना स्वाभाविक है, जो कार्य अनुसंधानकर्ताओं द्वारा पूर्व में किया जा चुका है, वही कार्य पुनः कर लिया जाये तो इससे अनुसंधानकर्ता नवीन ज्ञान का सृजन एवं नवीन सिद्धान्तों का प्रतिपादन नहीं कर सकेगा और पुनः आवृत्ति मात्र हो जाने से उसके शोधकार्य का लक्ष्य प्रभाव शून्य हो जाएगा।

5. **सामान्य अनुसंधान सम्बन्धित निर्देश :–** इससे शोधकर्ता को अनुसंधान सम्बन्धित सामान्य निर्देशों को प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

6. **ज्ञान का विस्तार :–** सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन से शोधकर्ता के ज्ञानोपार्जन की अभिवृद्धि होती है, साथ ही चयनित विषय में दक्षता हासिल हो जाती है।

7. **समस्या से सम्बन्धित अन्य समस्या का अन्वेषण :–** कई बार सम्बन्धित साहित्य से अन्य कई छोटी समस्याएँ मिल जाती है, जिनका अध्ययन मुख्य समस्या के साथ–साथ सम्पन्न हो सकता है। इससे किया जाने वाला अनुसंधान कार्य अधिक प्रभावी हो जाता है।

अतः सम्बन्धित साहित्य अध्ययन अनुसंधान प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन के बिना अनुसंधानकर्ता का कार्य 'अंधे के तीर' के समान होगा। इसके अभाव में वह एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकता, क्योंकि यह ज्ञात होना आवश्यक है, कि उस क्षेत्र में शोधकार्य हो चुका है, या नहीं, जिससे वह अपनी शोध समस्या के शोधकार्य व महत्व का स्व–मूल्यांकन कर सके।

विभिन्न विद्वानों के कथन से यह निष्कर्ष निकला है, कि संबंधित साहित्य का अध्ययन समय साध्य होता है। यह शोधकर्ता का अत्यन्त उपयोगी पथ है। इस प्रकार सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण से अनावश्यक दोहराने की प्रक्रिया नहीं होती है। अतः नए अनुसंधानकर्ता की सफलता के लिए संबंधित साहित्य का अध्ययन अपरिहार्य है।

## 2.4 साहित्य प्राप्त करने के स्त्रोत :–

शोधार्थी शोध से सम्बन्धित सूचनाएं लिखित व संकलित दो प्रमुख स्त्रोतों से प्राप्त करता है। सम्बन्धित साहित्य प्राप्त करने के प्रमुख स्त्रोत निम्न है :–

1. **प्राथमिक स्त्रोत :–** इसके अन्तर्गत पत्र–पत्रिकाएँ, उपलब्ध साहित्य, एक ही विषय पर निबन्ध पुस्तिकाएँ, वार्षिक पुस्तकें, बुलेटिन, डॉक्टरल तथा शिक्षा का विश्व ज्ञानकोष, शिक्षा सूची पत्र, शिक्षा सार तथा संदर्भ ग्रंथ सूची एवं निर्देशिकाएँ आदि आती है।

2. **उद्धरण स्त्रोत :–** इसके अन्तर्गत देश व विदेश में किए गए अध्ययन का समावेश होता है। शोधकार्य से संबंधित पूर्व अध्ययनों का विश्लेषण कर उनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया गया है।

## 2.5 संबंधित साहित्य का अध्ययन :–

शोधार्थी ने शोध साहित्य को तीन भागो में बांटा है:–

### 2.5.1 व्यावसायिक उन्नयन से संबंधित शोध साहित्य :–

- **मरे एस. ब्रिट, कैथरीन सी. इरविन और गर्थ रिची (2001):** *"व्यावसायिक वार्तालाप और व्यावसायिक विकास",* गणित शिक्षक शिक्षा जर्नल वॉल्यूम 4, पृष्ठ 29–53। दो साल की अवधि में 18 शिक्षकों के लिए एक व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भाग लेने वाले शिक्षक इंटरमीडिएट स्कूलों (11–13 आयु वर्ग के छात्र) और माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाते थे। शिक्षकों ने अपने अभ्यास पर प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहन के साथ, लेकिन शोधकर्ताओं से न्यूनतम निर्देश के साथ, अपने गणित शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए सहयोगात्मक रूप से

काम किया। परिणाम, जैसा कि शिक्षण प्रथाओं, विश्वासों और प्रतिबिंबों और छात्र उपलब्धि में परिवर्तन द्वारा परिभाषित किया गया है, ने संकेत दिया कि सहयोगी कार्यक्रम अनुभवी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी था लेकिन मध्यवर्ती विद्यालय के शिक्षकों के लिए कम उपयोगी था। हमने निष्कर्ष निकाला कि इस प्रकार का व्यावसायिक विकास उन शिक्षकों के लिए सबसे उपयोगी था जिन्हें गणित का पर्याप्त ज्ञान था; ये शिक्षक किसी विशेषज्ञ की सलाह का सहारा लिए बिना, शिक्षाशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करने और उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले गणित के पहलुओं के बीच संबंध बनाने में सक्षम थे।

- **विजयलक्ष्मी, के.एस. (2003)** ने *''महिला शिक्षक प्रशिक्षिकाओं के व्यक्तिगत विकास पर शैक्षिक कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन''* किया गया। व्यावसायिक विकास शिक्षण कार्यक्रम से महिला शिक्षक प्रशिक्षकों को सशक्त करने हेतु विकसित करना दृढ़, चयनित व्यक्तिगत गुणों के संदर्भ में अध्ययन के उद्देश्य रखे गये। अध्ययन में पाया गया कि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के विभिन्न समूह उनके आक्रमकता, निष्क्रिय स्तर के व्यवहार के सम्बन्ध में भिन्नता रखते हैं।

- **गोस्वामी, वंदना; सुराणा, अजय (2005)** ने *''सहभागितापूर्ण अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम द्वारा शिक्षार्थी–अध्यापकों का वृत्तिक विकास''* पर शोध किया। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि सहभागितापूर्ण अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में वृत्तिक मूल्य के निर्वहन में शिक्षार्थी परेशानी अनुभव करते हैं। अतः इस प्रकार के निवेशों में अधिक वृद्धि करने की आवश्यकता है।

- **ब्रॉड, डॉ. कैथरीन; इवांस, डॉ. मार्क (2006)** ने *''अनुभवी शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास सामग्री और वितरण मोड''*, पर शोध किया इनके अनुसार अनुभवी शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास को एक सरल रेखीय प्रक्रिया के हिस्से के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। अनुभवी शिक्षकों के पास पेशेवर विशेषज्ञता के प्रकार और सीखने के पसंदीदा तरीके हैं। मध्य–कैरियर कई प्रकार के ज्ञान के समेकन, संश्लेषण और एकीकरण के साथ–साथ कौशल और समझ को बेहतर बनाने के लिए प्रयोग और अन्वेषण का समय है। पूछना, दूसरों के साथ ज्ञान साझा करना, अनुभवी शिक्षकों के लिए व्यावसायिक शिक्षा सीखने की एक विशेषता है।

- **सौरे, दामोदर (2007)** ने *''स्वनवीनीकरण द्वारा व्यावसायिक विकास के संदर्भ में अध्ययन''* करते हुए पाया कि व्यावसायिक नवीनीकरण में सम्प्रत्यात्मक तकनीकी तथा मानवीय कौशलों की अपर्याप्तता की खोज की गयी। शारीरिक नवीनीकरण शरीर तथा मस्तिष्क को तनाव का सामना करने के लिए तैयार रखता है। ये किसी भी व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने हेतु पूर्व परिस्थिति में सहायक है। आध्यात्मिक नवीनीकरण मूल्यों तथा जीवन के सिद्धांतों में बढ़ोत्तरी करता है।

- **गुप्ता, प्रिया (2008)** ने *''सहभागितापूर्ण अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम की क्षेत्र तथा स्व विकास में प्रासंगिकता पर अध्ययन''* किया व पाया कि शिक्षण क्षेत्र की भूमिकाओं के निर्वहन में सहभागितापूर्ण अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम का महत्व होता है।

- **थॉमस, आर. गुस्की (2009):** *"पेशेवर विकास और शिक्षक परिवर्तन",* शिक्षक और, शिक्षण, खंड 8, – अंक 3। यह आलेख पेशेवर विकास के अनुभवों से लेकर शिक्षकों के दृष्टिकोण और धारणाओं में स्थायी परिवर्तन तक की घटनाओं के अस्थायी अनुक्रम को चित्रित करता है। मॉडल का समर्थन करने वाले अनुसंधान साक्ष्य को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है और जिन परिस्थितियों में परिवर्तन को सुगम बनाया जा सकता है, उनका वर्णन किया गया है।

- **कोलिन्सन, विविएन (2010):** *"शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकासः परिवर्तन की दुनिया",* यूरोपीय जर्नल ऑफ टीचर एज्युकेशन, वोल्युम–32, अंक 1। जैसे–जैसे औद्योगीकृत दुनिया एक अन्योन्याश्रित और वैश्विक समाज में स्थानांतरित हुई, औपचारिक स्कूली शिक्षा को जल्दी से एक प्रमुख कारक के रूप में पहचाना गया, जो आजीवन शिक्षार्थियों के एक ज्ञान समाज को प्राप्त करने में सक्षम था जो संगठनों को बदलने और पुनर्जीवित करने में सक्षम था। शिक्षकों को शिक्षण में सुधार के लिए एक साथ सीखने में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया गया और विस्तार से, उनकी देखभाल में बच्चों के लिए सीखने में सुधार किया गया। यह लेख तीन उभरती हुई प्रवृत्तियों की पहचान करता है जिनका उद्देश्य शिक्षकों के सीखने को व्यापक बनाना और निरंतर व्यावसायिक विकास के माध्यम से उनकी प्रथाओं को बढ़ाना हैः ग्लोकलाइज़ेशन, मेंटरिंग और री–थिंकिंग टीचर मूल्यांकन। लेख का मुख्य भाग इंगित करता है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, लातविया, आयरलैंड गणराज्य, स्कॉटलैंड, ताइवान और संयुक्त राज्य अमेरिका में ये तीन रुझान कैसे सामने आ रहे हैं। हालाँकि, शिक्षक संगठनात्मक और प्रणालीगत परिवर्तन के बिना आवश्यक परिवर्तन नहीं ला सकते हैं;

अर्थात्, सरकारी एजेंसियों और अन्य संस्थानों के साथ सहयोग। लेखकों का सुझाव है कि इक्कीसवीं सदी में स्कूली शिक्षा को बदलना शिक्षा नीति–निर्माण में विस्तारित शिक्षक भागीदारी, एजेंसियों में अधिक सुसंगत सरकारी नीतियों और करियर–लंबे समय तक जारी व्यावसायिक विकास के लिए सहयोगी, विभेदित मॉडल द्वारा समर्थित शिक्षा नीतियों पर निर्भर करता है।

- **बीट्राइस, अवलोस (2011):** *''दस वर्षों में शिक्षण और शिक्षक शिक्षा में शिक्षक पेशेवर विकास'',* शिक्षण और शिक्षक शिक्षा, खंड 27, अंक 1, जनवरी 2011, पृष्ठ 10–20। शिक्षक व्यावसायिक विकास पर दस वर्षों (2000–2010) में शिक्षण और शिक्षक शिक्षा में प्रकाशनों की समीक्षा पेपर का विषय है। पहला भाग सीखने, सुविधा और सहयोग, व्यावसायिक विकास को प्रभावित करने वाले कारकों, व्यावसायिक विकास की प्रभावशीलता और विषयों के आसपास के मुद्दों के संदर्भ में उत्पादन का संश्लेषण करता है। दूसरा भाग, करीब से जांच के लिए उत्पादन नौ लेखों में से चयन करता है। पेपर इस बात पर ध्यान देते हुए समाप्त होता है कि कैसे उत्पादन शिक्षक पेशेवर सीखने की जटिलताओं को सामने लाता है और कैसे अनुसंधान और विकास ने इन कारकों का संज्ञान लिया है और उनके प्रभावों के बारे में आशावाद के लिए भोजन प्रदान किया है, हालांकि अभी तक समय पर उनकी स्थिरता के बारे में नहीं है।

- **ख्वाजा, जहांजेब, बशीर, डॉ नदीम अहमद (2013):** *"प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम और कर्मचारी और संगठन के लिए इसके लाभः एक अवधारणात्मक अध्ययन",* व्यापार और प्रबंधन के यूरोपीय जर्नल, खंड 5,

संख्या 2, 2013। उद्देश्य इस पत्र का कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम और इसके लाभों पर स्थापित एक वैचारिक अध्ययन प्रस्तुत करना है। यह पेपर कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम की संरचना और तत्वों का निरीक्षण करेगा और बाद में अध्ययन प्रस्तुत करेगा कि कर्मचारियों और संगठनों के लिए सकारात्मक परिणाम क्या हैं। संगठनों को हाल की वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बने रहना मुश्किल लगता है। उन संगठनों के लिए कर्मचारी विकास कार्यक्रम का महत्व बढ़ रहा है जो प्रतिस्पर्धियों के बीच लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। कर्मचारी संगठन के सम्मानित संसाधन हैं और संगठन की सफलता या विफलता कर्मचारियों के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। इसलिए, संगठन कर्मचारी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर बड़ी राशि का वित्तपोषण कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह कंपनियों के लिए ज्ञान, विशेषज्ञता और कर्मचारियों की क्षमता पर जोर देने में सहायक है। विकास कार्यक्रम का कर्मचारी और संगठन दोनों पर पड़ने वाले प्रभाव पर पेशेवरों और शोधकर्ताओं के बीच पर्याप्त चर्चा है। यहां वर्णित अध्ययन कर्मचारी विकास कार्यक्रम के मौलिक और संगठनों और कर्मचारियों को इसके लाभों पर साहित्य का एक सतर्क मूल्यांकन है।

- **मैरी एम कैनेडी (2016):** *"कैसे व्यावसायिक विकास शिक्षण में सुधार करता है?",* सेज जर्नल, खंडः 86 अंकः 4, पृष्ठ (ओं): 945–980। व्यावसायिक विकास कार्यक्रम विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित होते हैं कि छात्र कैसे सीखते हैं और शिक्षक कैसे सीखते हैं, इसके विभिन्न सिद्धांत हैं। समीक्षक अक्सर कार्यक्रम की अवधि, तीव्रता, या कोच या ऑनलाइन पाठ जैसी विशिष्ट तकनीकों के उपयोग जैसी डिज़ाइन सुविधाओं के अनुसार कार्यक्रमों को क्रमबद्ध करते हैं, लेकिन ये श्रेणियां शिक्षण और

शिक्षक सीखने के बारे में कार्यक्रमों के अंतर्निहित उद्देश्य या परिसर को उजागर नहीं करती हैं। यह समीक्षा कार्यक्रमों को उनके कार्य के अंतर्निहित सिद्धांतों के अनुसार क्रमबद्ध करती है, जिसमें शामिल हैं (ए) एक मुख्य विचार जो शिक्षकों को सीखना चाहिए और (बी) शिक्षकों को अपने स्वयं के चल रहे अभ्यास के भीतर उस विचार को लागू करने में मदद करने की रणनीति। कठोर अनुसंधान डिजाइन मानकों का उपयोग करते हुए, समीक्षा 28 अध्ययनों की पहचान करती है। क्योंकि अध्ययन कई तरह से भिन्न होते हैं, समीक्षा सांख्यिकीय के बजाय ग्राफिक रूप से कार्यक्रम प्रभाव प्रस्तुत करती है। दृश्य पैटर्न बताते हैं कि कई लोकप्रिय डिज़ाइन सुविधाएँ प्रोग्राम प्रभावशीलता से जुड़ी नहीं हैं। इसके अलावा, विभिन्न मुख्य विचार अलग–अलग प्रभावी नहीं हैं। हालाँकि, अधिनियमन को सुविधाजनक बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली शिक्षाशास्त्र उनकी प्रभावशीलता में भिन्न हैं। अंत में, समीक्षा पेशेवर विकास के अध्ययन के लिए अनुसंधान डिजाइन के प्रश्न को संबोधित करती है और सुझाव देती है कि कुछ व्यापक रूप से पसंदीदा शोध डिजाइन अध्ययन के परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

- **पोस्टहोम, मे ब्रिट (2018):** *"स्कूल में शिक्षकों का व्यावसायिक विकासः एक समीक्षा अध्ययन",* कोजेंट शिक्षा, खंड 5, 2018 – अंक 1. इस समीक्षा अध्ययन में 2016 और 2017 के 43 लेख शामिल हैं, जो शिक्षकों के पेशेवर विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जैसा कि निम्नलिखित दोहरे शोध प्रश्न द्वारा निर्देशित हैः "स्कूल में शिक्षकों के पेशेवर विकास की क्या विशेषता है, और यह विकास स्कूल के सुधार को कैसे प्रभावित करता है?" समीक्षा इंगित करती है कि यदि शिक्षकों को विद्यालय में सुधार लाना है तो उनकी सीखने की प्रक्रियाओं को विकसित करने की

आवश्यकता है। शोधकर्ताओं के लिए केवल स्कूलों में सीखने की प्रक्रियाओं का अध्ययन करना पर्याप्त नहीं है; उन्हें प्रारंभिक हस्तक्षेप अध्ययन भी करना चाहिए। अंततः, इन प्रक्रियाओं पर शोध करते समय, शोधकर्ताओं को पूरे स्कूल में चिकित्सकों–नेताओं और शिक्षकों के नेतृत्व और स्वामित्व वाली एक विस्तृत परिवर्तन प्रक्रिया को भड़काना और बनाए रखना चाहिए। निष्कर्ष बताते हैं कि यह दिखाने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है कि कैसे बाहरी संसाधन व्यक्ति, जैसे कि शोधकर्ता, काम पर शिक्षकों और स्कूल के नेताओं के सहयोग से स्कूल के विकास में योगदान कर सकते हैं।

- **कैथलीन, महोन (2019):** *"नए शिक्षाविदों के बीच पेशेवर विकास का पोषण",* उच्च शिक्षा में शिक्षण, खंड 27, 2022 – अंक 2. हाल के दिनों में उच्च शिक्षा (एचई) की जटिलता और चुनौतियों पर एचई साहित्य में व्यापक रूप से चर्चा की गई है, क्योंकि विश्वविद्यालय के शिक्षकों और उनकी पेशेवर सीखने की जरूरतों पर सहवर्ती मांगें हैं। इन वार्तालापों में नए शिक्षाविदों पर बहुत ध्यान दिया गया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय पीएचडी और पोस्ट–डॉक्टरेट शोधकर्ताओं पर कम ध्यान दिया गया है, जिन्हें अक्सर पढ़ाने के लिए कहा जाता है, फिर भी उन्हें मूलभूत शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में भाग लेने से रोका जा सकता है। यह पत्र इसी स्थिति में नए शिक्षाविदों के लिए विकसित एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम पर आधारित व्याख्यात्मक–व्याख्यात्मक अध्ययन पर चर्चा करता है। हमारी चर्चा शैक्षणिक समझ और आत्मविश्वास के संदर्भ में पाठ्यक्रम प्रतिभागियों द्वारा अनुभव किए गए पेशेवर विकास पर केंद्रित है, और प्रतिभागियों के दृष्टिकोण से उस विकास को क्या सक्षम बनाता है। साक्षात्कार, प्रश्नावली और गुणात्मक पाठ्यक्रम मूल्यांकन के विश्लेषण के

आधार पर, हम ऐसे उद्देश्य–निर्मित पाठ्यक्रमों के मूल्य पर विचार करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम डेवलपर्स द्वारा विचार करने की आवश्यकता हो सकती है कि उनका प्रभाव इष्टतम है।

- **सबाइन, होमेलहॉफ (2020):** *"कैरियर के विभिन्न चरणों में व्यक्तिगत विकास का अनुभवः एक खोजपूर्ण अध्ययन",* संगठन बेराटुंग, पर्यवेक्षण, कोचिंग। खंड 27, पृष्ठ 5–19। हम जांच करते हैं कि क्या काम पर व्यक्तिगत विकास का अनुभव किसी के करियर के दौरान बदलता है। 29 चाइल्डकैअर प्रदाताओं के साथ साक्षात्कार से पता चला कि चुनौतियों में महारत हासिल करने के बाद व्यक्तिगत विकास महसूस किया गया। करियर के चरण के अनुसार इन चुनौतियों की प्रकृति और सामग्री अलग–अलग होती है। प्रारंभिक करियर के व्यक्तियों ने अपने दैनिक कार्य को चुनौतीपूर्ण माना। अपने करियर के बीच में पेशेवरों ने सामाजिक संघर्षों और उनके संकल्पों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया, जबकि अपने करियर के अंत में पेशेवरों को अद्वितीय, गैर–नियमित कार्यों को चुनौतियों के रूप में देखने की अधिक संभावना थी। यह अध्ययन बताता है कि व्यक्तिगत विकास को करियर के चरण से स्वतंत्र रूप से पूरी तरह से नहीं समझा जा सकता है। निहितार्थों पर चर्चा की गई है।

- **रॉबर्ट, ओ'डॉड (2021):** *"वर्चुअल एक्सचेंज में भागीदारी के माध्यम से शिक्षकों के व्यावसायिक विकास की खोज",* कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, वॉल्यूम 34 अंक 1. वर्चुअल एक्सचेंज (वीई) एक छत्र शब्द है जिसका उपयोग छात्रों के समूहों की सगाई को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ

निरंतर ऑनलाइन अंतर–सांस्कृतिक बातचीत और सहयोग। कंप्यूटर–सहायता प्राप्त भाषा सीखने के साहित्य में, वीई के लिए टेलीकोलेबोरेशन और ई–टंडेम दृष्टिकोणों पर बड़े पैमाने पर शोध किया गया है। हालांकि, इस शोध ने मुख्य रूप से शिक्षार्थियों के लाभ पर ध्यान केंद्रित किया है और शिक्षकों पर प्रभाव का बहुत कम पता लगाया गया है। यह पेपर एक बड़े पैमाने पर यूरोपीय परियोजना के हिस्से के रूप में वीई परियोजनाओं में अपनी कक्षाओं में लगे 31 शिक्षक प्रशिक्षकों के गुणात्मक अध्ययन के परिणामों की जांच करके विदेशी भाषा शिक्षकों के व्यवहार और उनके पेशेवर विकास पर वीई के प्रभाव की पहचान करता है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि वीई परियोजनाओं में भागीदारी शिक्षकों को निरंतर व्यावसायिक विकास और कार्यप्रणाली नवाचार में मूल्यवान अनुभव प्रदान करती है। विशेष रूप से, वीई को शिक्षकों के लिए नई पेशेवर भागीदारी, सहयोगी शैक्षणिक पहल विकसित करने, अपने स्वयं के ऑनलाइन सहयोग कौशल विकसित करने और अपने वर्तमान शिक्षण अभ्यास में अधिक नवीन दृष्टिकोण पेश करने के अवसरों को खोलने के लिए देखा गया था।

- **पोपोवा, अन्ना (2022):** *"दुनिया भर में शिक्षक व्यावसायिक विकासः साक्ष्य और अभ्यास के बीच अंतर",* विश्व बैंक अनुसंधान पर्यवेक्षक, खंड 37, अंक 1, फरवरी 2022, पृष्ठ 107–136। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कई शिक्षकों के पास प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए कौशल की कमी है, और पेशेवर विकास (पीडी) कार्यक्रम प्रमुख उपकरण हैं जिनका उपयोग सरकारें उन कौशलों को उन्नत करने के लिए करती हैं। उसी समय, कुछ पीडी कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया जाता है, और जिनका मूल्यांकन किया जाता है वे अत्यधिक भिन्न परिणाम दिखाते हैं। यह

